प्रादेशिक समाचार

राष्ट्रीय सेमिनार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे हॉल में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार "इनोवेशन्स इन ग्रीन बिल्डिंग प्रेक्टिसेस" में शामिल हुए। सेमिनार में निर्माण क्षेत्र में कार्बन फुटप्रिंट कम करने के प्रभावी उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही आधुनिक तकनीकों जैसे 3 डी प्रिंटिंग, स्मार्ट ग्लास और पुनर्नवीनीकरण सामग्री के उपयोग पर भी विशेषज्ञों द्वारा मंथन किया गया। सेमिनार में इमारतों को पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिये सौर ऊर्जा के अधिकतम उपयोग, प्राकृतिक रोशनी और बेहतर वेंटिलेशन को बढ़ावा देने के साथ–साथ वर्षा जल संचयन और अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण प्रणालियों को अपनाने पर भी फोकस किया गया।

सरकारी अलर्ट सिस्टम

केन्द्र सरकार ने स्वदेशी तकनीक का उपयोग करते हुए नागरिकों को आपदा की तत्काल सूचना देने के लिए सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम शुरू किया है। इस प्रणाली का परीक्षण करने के लिए आज दोपहर करीब 12 बजे नागरिकों के मोबाइल पर सायरन के साथ एक सूचना भेजी गई। परीक्षण के दौरान संदेश में लिखा था – सतर्क नागरिक, सुरक्षित राष्ट्र। यह संदेश परीक्षण के लिए है, इसलिए जनता को इस पर प्रतिक्रिया देने की कोई आवश्यकता नहीं है।

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस संदेश से नागरिकों को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। यह भारत की नई मोबाइल आधारित आपदा संचार प्रणाली का परीक्षण संदेश है।

पंचायती राज–कार्यशाला

पंचायती राज मंत्रालय आज हैदराबाद में आत्म निर्भर पंचायत पहल पर एक आउटरीच कार्यशाला आयोजित कर रहा है। इस कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को आत्म निर्भर पंचायत कार्यक्रम की परिकल्पना, उद्देश्य और कार्य प्रणाली से परिचित कराया जाएगा। यह कार्यक्रम पंचायती राज मंत्रालय के राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत एक महत्वपूर्ण पहल है।

आत्मनिर्भर पंचायत पोर्टल का एक लाइव, संपूर्ण प्रदर्शन प्रतिभागियों को आवेदन प्रक्रिया और डिजिटल डैशबोर्ड के बारे में जानकारी देगा। इसके अलावा, एक संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र सभी हितधारकों को मंत्रालय के साथ सीधे जुड़ने और भागीदारी के बारे में स्पष्टता प्राप्त करने का एक मूल्यवान अवसर प्रदान करेगा।

दूरदर्शन केंद्र

दूरदर्शन केंद्र भोपाल की प्रादेशिक समाचार एकांश ने उर्दू कैजुअल असाइनी के पैनल में शामिल होने के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह भर्ती सीजी ऑपरेटर, न्यूज रीडर और कॉपी एडिटर पदों के लिए की जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए प्रसार भारती की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर विवरण प्राप्त कर सकते हैं।

शूटिंग चैंपियनशिप

भोपाल स्थित राज्य शूटिंग अकादमी में 24वीं कुमार सुरेन्द्र सिंह मेमोरियल राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप आज से आयोजित की जा रही है। आगामी 15 मई तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में देशभर से 3000 से अधिक खिलाड़ी भाग लें रहे हैं। इस प्रतियोगिता में 42 राज्यों, सेना एवं अर्धसैनिक बलों के लगभग 3000 बालक–बालिकाएं, महिला एवं पुरुष खिलाड़ी 10 मीटर एयर राइफल एवं 50 मीटर राइफल स्पर्धाओं के यूथ, जूनियर एवं सीनियर वर्गों में भाग ले रहे हैं।

मौसम

प्रदेश में तेज गर्मी के बीच मौसम ने अचानक करवट ली है। पिछले दो दिनों से प्रदेश के आधे से अधिक हिस्सों में आंधी, बारिश और कहीं–कहीं ओलावृष्टि देखने को मिल रही है। मौसम विभाग ने आज ग्वालियर,रीवा,सागर, जबलपुर और उज्जैन संभाग के 21 जिलों में आंधी–बारिश का अलर्ट जारी किया है। इन इलाकों में 30 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। बीते दो दिनों में प्रदेश के 35 से ज्यादा जिलों में बारिश, ओले या तेज आंधी का असर देखा गया ।

समाचार संक्षेप में :–

- आगरमालवा जिले के बड़ौद में चलाये जा रहे जागरुकता अभियान के तहत युवाओं और महिलाओं को मोटर साइकिल पर सुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।
- जबलपुर बरगी डैम में लापता चार लोगों की तलाश आज सुबह से जारी है। सेना के साथ एनडीआरएफ–एसडीआरएफ बोट से सर्चिंग कर रही है।
- रायसेन कलेक्टर द्वारा आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनगणना कार्य की समीक्षा की गई। उन्होंने एसडीएम और चार्ज अधिकारियों से क्षेत्रवार प्रगति की जानकारी ली।
- शिवपुरी जिले में जनगणना कार्य के लिए लगभग 4 हजार प्रगणक और सुपरवाइजर की नियुक्ति की गई ।
- 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत नर्मदापुरम जिले में जल और पर्यावरण संवर्धन के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।